पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
*( साइन्स हिल्स, मैनिट के पीछे, कोलार–नेहरू नगर रोड, भोपाल 462 003)*
**Website: - www.klsgaci.edu.in** दूरभाष क्रं.–0755–2910370

# (फिजियोथैरिपी विभाग में उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा)

## ( निविदा के नियम एवं शर्ते )

पं0 खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल के फिजियोथैरिपी विभाग में वित्तीय निविदा पत्रक अनुसार उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रकिया के अन्तर्गत निविदायें आंमत्रित की जाती है, जो कि https://mptenders.gov.in/ पर निधारित समयावधि में उपलब्ध है । निविदा प्रस्तुत करने की नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेवसाइट http://www.klsgaci.edu.in पर भी प्रदर्शित होकर उपलब्ध है ।

निविदाऐं प्राप्त एवं प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार है :–

**ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की आंरभिक तिथिः–11.12.2023**

**ई–निविदा प्रपत्र आनलाइन प्रस्तुत (अपलोड) करने की अंतिम तिथिः–02.01.2024 सायं.05.00 वजे**

**ई–तकनीकी निविदा https://mptenders.gov.in/ से डाउनलोड करने की तिथि 04.01.2024 दोप.02.00 वजे**

## नियम एवं शर्ते

1. ई– निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
2. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन mptender.gov.in से ई–निविदा राशि रू. 1000/– का भुगतान कर ई–निविदा प्राप्त कर सकते है जिसको mptender.gov.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक आनलाइन सबमिट की जाना है ।
3. ई.एम.डी. राशि रूपये 5000/– (रूपये पांच हजार मात्र) है ,जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptender.gov.in पर tender प्रस्तुत करते समय पेमेन्ट करना होगा। ई.एम.डी. राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी,शेष निविदाकारों की ई.एम.डी.राशि mptender.gov.in के माध्यम से वापस लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (अनुबंध राशि के 3 प्रतिशत) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से संस्थान में जमा करना होगी। निष्पादन प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी ।
4. विर्निदिष्ट स्पेशिफिकेशन मिलान न करने की स्थिति में उपकरण आपूर्तिकर्ता को वापस कर दी जावेगी ।
5. सफल निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस मे सामग्री की आपूर्ति का कार्य पूर्ण करना होगा ।
6. जी.एस.टी. के संबन्ध में जी.एस.टी. राशि के विगत 03 माह की जी.एस.टी. जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
7. शासकीय संस्थान में फिजियोथैरिपी उपकरणों की आपूर्ति संबंधित आदेशों की प्रति एवं अभिलेख तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

8. निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रुपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।

9. सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में सामग्री के मूल्य के आकलन के आधार पर 3 प्रतिशत की राशि जमा करनी होगी। म0प्र0 भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित–2022 के प्रावधानों अनुसार म0प्र0 के लघु उद्यम तथा स्टॉर्टअप्स को वरीयता प्रदान की जावेगी ।

10. एल–1 फर्म को सामग्री की आपूर्ति हेतु आदेश जारी किया जायेगा, यदि वह फर्म निर्धारित अवधि में शर्तो का पालन न करते हुए अथवा किसी अन्य कारण से आपूर्ति नहीं करती हैं, तो ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जावेगी।

11. निविदाकर्ता फर्म का गुमास्ता संबंधित कार्य का होना तथा जीएसटी नं0 होना अनिवार्य है।

12. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 10.00 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 का सी.ए. द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ अपलोड करना आवश्यक है।

13. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा। यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपता है या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात की जावेगी एवं संबंधित फर्म को Black Listed किया जायेगा, जिसमें किसी भी तरह का वाद विवाद नहीं किया जावेगा ।

18. निविदाकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्ट नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबंधित फर्म की निविदा/अनुबध निरस्त कर दिया जावेगा। इस संदर्भ ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा पत्र/शपथ पत्र राशि रुपये 100.00 के नान जूडिशियल स्टांप पर तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा

19. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा इसका पालन करना होगा।

20. दर अनुबंध तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल बांछित दस्तावेजों (संलग्न चैक लिस्ट अनुसार) को ही विचार में क्षेत्र में लिया जावेगा ।

21. किसी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा ।

**प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
## (फिजियोथैरिपी विभाग में उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा)
### (ई–तकनीकी ई–निविदा प्रपत्र )

1. निविदाकर्ता फर्म का नाम—————————————————

2. फर्म के मालिक का नाम————————— पिता का नाम——————

3 वर्तमान निवास का पता——————————————————

4 दूरभाष/मोबाईल नम्बर——————————————————

5 GSTIN NO.——————————————————————

6 जीवित गुमास्ता नं.........................................दिनांक ................................................

7 निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 10.00 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 का सी.ए.द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र की प्रति तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा ।

8 जीवित गुमास्ता संबधित कार्य का होना अनिवार्य है। जिसे तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा ।

9 निविदाकार फर्म किसी शासकीय /अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

10 लधु उद्यम तथा स्टॉटअप संबधी शासकीय अभिलेख तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

11 विगत 03 माह का जी.एस.टी जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

12 शासकीय संस्थानों में फिजियोथैरिपी उपकरणों की आपूर्ति संबधित आदेशों की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

13 निविदाकर्ता फर्म संबधित उपकरण की बिकी हेतु अधिकृत होना चाहिये जिसके सांक्ष्य मे कम्पनी द्वारा जारी अधिकृत विकेता संबधी अधिकार पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
निविदाकर्ता का नाम——————————

## पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल
## (फिजियोथैरिपी विभाग में उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा)
## (ई–वित्तीय प्रपत्र )

| No | Product -Equipment | Specification | Qty |
|---|---|---|---|
| 1 | Ultrasount Dual Head | hospital model | |
| | | smart operating panel- Digital Displat | 1 |
| | | light weight <1.5 kg | |
| | | shockproof body | |
| | | output -continuous,pulse (5%,10%,20%,30%,50%,100%) | |
| | | Pre set program preset | |
| | | Alarm present | |
| | | Power supply included | |
| 2 | Air Compression for DVT | Modes + Massage,Lymphatic,Oedema,Drainage & Circulation | 1 |
| | | Chamber 4-6 | |
| | | Pressure Range available 30-240 Graded | |
| | | time 30-60 min | |
| | | alarm + | |
| | | low noise | |
| | | include Leg and Arm Cuff | |
| 3 | Robotic Hand Therapy | Include right &left hand + Mirror glove | 1 |
| | (both hand) | Lcd display | |
| | | weight 2 kg approx | |
| | | include Charging cable ,hand pillow , auxillary ball | |
| 4 | laser - class 4 | high intensity - 10 w | |
| | | wavelength 1064 nm | 1 |
| | | mode -continuous-pulse | |
| | | preset protocol + | |
| | | 5.7 color touch screen interface | |
| 5 | combination therapy unit | power- 220 v | |
| | | include heating pad, tens,mst,ift and ultrasound | 1 |
| | | pre program protocol available | |
| | | light weight -portable | |
| | | carry bag included | |
| 6 | upper- extremity ergometer | portable,weight <3kg | |
| | | battery operation+ | 1 |
| | | display lcd | |
| | | height 10 cm approx | |
| | | meter display speed calorie time distance | |
| | | stainless steel body | |
| 7 | cp standing frame with | wooden - portable | 1 |
| | Activity Tray | operation - Manual | |
| | | size- 36*28*24 | |
| | | frame height - 48' | |

पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय(स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान भोपाल

(फिजियोथैरिपी विभाग में उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा)

चैक–लिस्ट

| क्रं. | दस्तावेजों के नाम | संलग्न |
|---|---|---|
| 1 | गुमास्ता की स्वप्रमाणित छायाप्रति | हॉ/नहीं |
| 2 | पैनकार्ड की की स्वप्रमाणित छायाप्रति | हॉ/नहीं |
| 3 | जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति | हॉ/नहीं |
| 4 | निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2021–22 टर्न ओवर न्यूनतम रुपये 15.00 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रुप में वित्तीय वर्ष 2021–22 की आयकर विवरणी एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 का सी.ए.द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के दस्तावेजो के साथ अपलोड करना आवश्यक है। | हॉ/नहीं |
| 5 | ई.एम.डी.राशि की प्रति | हॉ/नहीं |
| 6 | जी.एस.टी.जमा चालान की प्रति विगत 03 माह की | हॉ/नहीं |
| 7 | ब्लैक लिस्ट न होने का घोषणा पत्र/शपथ पत्र राशि रु 100.00 के नान ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज मूल प्रति | हॉ/नहीं |
| 8 | एम.एस.एम.ई.संबधित विधिक अभिलेख की स्वप्रमाणित छायाप्रति | हॉ/नहीं |
| 9 | शासकीय संस्थान में मशीनों/उपकरण की आपूर्ति संबधित आदेशों की स्वप्रमाणित छायाप्रति | हॉ/नहीं |
| 10 | निविदाकर्ता फर्म संबधित उपकरण की बिक्री हेतु अधिकृत होना चाहिये जिसके सांक्ष्य मे कम्पनी द्वारा जारी अधिकृत विकेता संबधी अधिकार पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा । | हॉ/नहीं |